कुल प्रश्नों की संख्या : 25] [कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 11

Total No. of Questions : 25] [Total No. of Printed Pages : 11

# 2112301

## विषय : हिन्दी

## Subject : Hindi

समय : 3 घण्टे] [पूर्णांक : 100

Time : 3 Hours] [Maximum Marks : 100

*निर्देश:* *(i)* प्रश्न पत्र में कुल 25 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न हल कीजिए।

*(ii)* प्रश्न क्रमांक 1- 'अ', 'ब', 'स' एवं 'द' चार खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में पाँच-पाँच वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। अर्थात् कुल 20 वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक में 01 अंक निर्धारित है। (1×20=20)

*(iii)* प्रश्न क्रमांक 02 से 11 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न में 02 अंक निर्धारित हैं। उत्तर लगभग 20 शब्दों में लिखिए। (2×10=20)

*(iv)* प्रश्न क्रमांक 12 से 17 तक लघुउत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न में 03 अंक निर्धारित हैं। उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखिए। (3×6=18)

*(v)* प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न में 04 अंक निर्धारित हैं। उत्तर लगभग 50 शब्दों में लिखिए। (4×3=12)

*(vi)* प्रश्न क्रमांक 21 से 24 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न में 05 अंक निर्धारित हैं। उत्तर लगभग 75 शब्दों में लिखिए। (5×4=20)

*(vii)* प्रश्न क्रमांक 25 निबंध लेखन से संबंधित है। इस पर 10 अंक निर्धारित हैं। निबंध लगभग 250 शब्दों में लिखिए। (10×1=10)

*(viii)* 04 और उससे अधिक अंक के प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

**प्रश्न-1 ( अ ) सही विकल्प चुनकर लिखिए -** [1×5=5]

(i) **आधुनिक कविता में परम्परा चल पड़ी -**

(क) अलंकृत कविता की

(ख) अलंकारहीन कविता की

(ग) छंदबद्ध कविता की

(घ) वक्रोक्तिमूलक कविता की।

(ii) **'दो कलाकार' की कथावस्तु का मूल संदेश है -**

(क) कला का महत्त्व बताना।

(ख) समाजसेवा को भी कला सिद्ध करना।

(ग) कला-साधना की अपेक्षा समाज-सेवा को महत्त्व देना।

(घ) कला और समाज-सेवा में प्रतिस्पर्धा दिखाना।

(iii) 'दीरघ-दाघ निदाघ' में अलंकार है -

(क) श्लेष

(ख) उपमा

(ग) यमक

(घ) अनुप्रास।

(iv) 'देखा मुझे उस दृष्टि से, जो मार खा रोई नहीं' - कथन से मजदूरनी के स्वभाव की कौन-सी विशेषता अभिव्यक्त हो रही है -

(क) दीनता

(ख) सहिष्णुता

(ग) स्वाभिमान

(घ) पराधीनता।

(v) ऐसे पत्र जो अनेक स्थानों को सूचना देने अथवा सूचना मँगाने हेतु एक साथ, एक रूप में भेजे जाते हैं, उसे कहते हैं -

(क) ज्ञापन

(ख) परिपत्र

(ग) आवेदन-पत्र

(घ) अर्ध सरकारी पत्र।

**( ब ) उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -** [1×5=5]

(i) 'कठपुतली' ................. व्यक्तित्व का प्रतीक है। (पराधीन / स्वाधीन)

(ii) ................. क्रोध का अचार या मुरब्बा है। (ईर्ष्या / बैर)

(iii) भाव-पल्लवन संक्षेपण का ................. है। (पर्याय / विलोम)

(iv) 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' शीर्षक व्यंग्य रचना के लेखक ................. हैं।
(हरिशंकर परसाई / राजेन्द्र यादव)

(v) रीतिकाल के काव्य में ................. रस की प्रधानता रही है। (शांत / श्रृंगार)

**( स ) 'अ' तथा 'ब' स्तम्भ के कथनों में उचित सम्बन्ध जोड़कर लिखिए -** [1×5=5]

| | ( अ ) | | ( ब ) |
|---|---|---|---|
| (1) | मीरा की भक्ति | (क) | दूसरों पर शासन करना |
| (2) | अधिनायकता | (ख) | कुरुक्षेत्र |
| (3) | आधुनिक मीरा | (ग) | बसंत |
| (4) | रामधारी सिंह 'दिनकर' | (घ) | महादेवी वर्मा |
| (5) | ऋतुराज | (ङ) | माधुर्य भावयुक्त |

( द ) **निम्नलिखित कथनों के सम्बन्ध में सत्य अथवा असत्य लिखिए -** [1×5=5]

(i) रहीम ने 'बारे' और 'बढ़ै' के श्लेष से दीपक और कपूत की तुलना की है।

(ii) अपने विचारों को कहानी या घटना के माध्यम से पुष्ट करते हुए कहना वर्णनात्मक शैली का लक्ष्य होता है।

(iii) अनुराधा को अपने पति के रोग का कारण ज्ञात था।

(iv) कहावतें, लोकोक्तियाँ या सूक्तियाँ गागर में सागर के समान होती हैं।

(v) लोहार अपने औजारों को इधर-उधर देखकर बहुत आनंदित हुआ।

**नोट- प्रश्न क्रमांक 02 से 11 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न में 02 अंक निर्धारित हैं। उत्तर लगभग 20 शब्दों में लिखिए।( 2×10=20 )**

**प्रश्न-2** तुलसी की काव्य-शैली की दो विशेषताएँ लिखिए। [1+1=2]

**प्रश्न-3** देर रात आने पर अरुणा ने भोजन क्यों नहीं किया ? [2]

**प्रश्न-4** आपके विचार से आदर्श मानव की जीवन-शैली कैसी होनी चाहिए ? लिखिए। [2]

**प्रश्न-5** निबन्ध का अर्थ बताते हुए किन्हीं दो निबंधकारों के नाम लिखिए। [$1+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=2$]

**प्रश्न-6** बिहारी कवि ने जगत को तपोवन-सा क्यों कहा है ? [2]

**प्रश्न-7** 'अनपढ़ बनाए रखने की साजिश' सम्पादकीय का उद्देश्य क्या है ? लिखिए। [2]

**प्रश्न-8** नई पीढ़ी, पुरानी पीढ़ी से क्या चाहती है ? [2]

**प्रश्न-9** प्रतिवेदन लेखन की किन्हीं चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। [$\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=2$]

**प्रश्न-10** 'मुझे कदम-कदम पर' कविता का केन्द्रीय भाव लिखिए। [2]

**प्रश्न-11** रिक्शेवाले के चेहरे पर घृणा का भाव क्यों उभर आया ? लिखिए। [2]

**नोट-** **प्रश्न क्रमांक 12 से 17 तक लघुउत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न में 03 अंक निर्धारित हैं। उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखिए। ( 3×6=18 )**

**प्रश्न-12** रैदास ने किस आधार पर ईश्वर को निर्गुण माना है ? उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए। [2+1=3]

**प्रश्न-13** ''कहानी एक गमला है, तो उपन्यास पूरा उद्यान'' प्रेमचंद के इस कथन को स्पष्ट करते हुए कहानी के कितने तत्त्व हैं ? उनके नाम लिखिए। [$1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}=3$]

**प्रश्न-14** ''मादक पदार्थों से सौगुना नशा धन का होता है।'' उदाहरण देकर कथन की पुष्टि कीजिए। [2+1=3]

**प्रश्न-15** ''परिचय इतना, इतिहास यही'' से कवयित्री का क्या तात्पर्य है ? समझाकर लिखिए। [3]

**प्रश्न-16** 'युवा पीढ़ी की आत्मनिर्भरता और स्वाभिमान के लिए स्वाधीन चेतना का होना बहुत आवश्यक है।' इस कथन का विश्लेषण कीजिए। [3]

**प्रश्न-17** क्रोध करने से क्या हानि हो सकती है ? लिखिए। [3]

**नोट- प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न में 04 अंक निर्धारित हैं। उत्तर लगभग 50 शब्दों में लिखिए। ( 4×3=12 )**

**प्रश्न-18 निम्नलिखित पंक्तियों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** [1+1+1+1=4]

''न बोलने पर भी
मैं सुनता हूँ तुम्हारे बोल
तुम्हारी बोलती आँखों से
सो मुझे
प्यार से पुकारतीं -
और मौन ही निहारती हैं।''

(क) कविता का मूल आशय क्या है ?

(ख) कवि ने कविता में किसके महत्त्व पर प्रकाश डाला है ?

(ग) आँखों के बोलने से कवि का क्या आशय है ?

(घ) इस काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

***( अथवा )***

पठित कविता के आधार पर महादेवी वर्मा के काव्य की विशेषताएँ लिखिए। [4]

**प्रश्न-19 'रहीम' अथवा 'मीरा बाई' का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए -**

(क) जन्म तिथि एवं जन्म स्थान [$\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$]

(ख) रचनाएँ (कोई दो) [$\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$]

(ग) भावपक्ष की दो विशेषताएँ [1]

(घ) कलापक्ष की दो विशेषताएँ। [1]

**प्रश्न-20** ''तेते पाँव पसारिए जेती लांबी सौर।'' इस कथन का भाव-पल्लवन कीजिए। [4]

***( अथवा )***

प्रतिवेदन से आप क्या समझते हैं ? इसके तत्त्वों पर प्रकाश डालिए। [1+3=4]

**नोट- प्रश्न क्रमांक 21 से 24 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न में 05 अंक निर्धारित हैं। उत्तर लगभग 75 शब्दों में लिखिए। ( 5×4=20 )**

**प्रश्न-21 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ, प्रसंग तथा विशेष सहित व्याख्या लिखिए** -[ 1+1+2+1=5 ]

''एकै संग धाए नँदलाल औ गुलाल दोऊ,
दृगनि गए जु भरि आनंद मढ़ै नहीं।
धोय - धोय हारी, 'पद्माकर' तिहारी सौंह,
अब तौ उपाय एक चित्त में चढ़ै नहीं।।''

***( अथवा )***

''जब - जब वै सुधि कीजियै,
तब - तब सब सुधि जाँहि।
आँखिन आँखि लगी रहै,
आँखें लागति नाँहि।।''

**प्रश्न-22** आप रोहन गोस्वामी, सुभाष नगर, दुर्ग के रहवासी हैं। आपके मोहल्ले में सफाई नहीं होती है। नगर निगम महापौर को इस सम्बन्ध में एक शिकायती-पत्र लिखिए। [ 1+1+2+1=5 ]

***( अथवा )***

आपका मित्र शांतनु नशीले पदार्थों का व्यसनी हो चुका है, उसे नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाली बुराइयों से अवगत कराते हुए एक पत्र लिखिए।

**प्रश्न-23 निम्नलिखित गद्यांश की प्रसंग, संदर्भ व विशेष सहित व्याख्या कीजिए -** [1+1+2+1=5]

''क्षमा जहाँ से श्रीहत् हो जाती है, वहीं से क्रोध के सौंदर्य का आरम्भ होता है। शिशुपाल की बहुत-सी बुराइयों तक जब श्रीकृष्ण की क्षमा पहुँच चुकी तब जाकर उसका लौकिक लावण्य फीका पड़ने लगा और क्रोध की समीचीनता का सूत्रपात हुआ। अपने ही दु:ख पर उत्पन्न क्रोध में या तो हमें तत्काल क्षमा का अवसर या अधिकार ही नहीं रहता अथवा वह अपना प्रभाव खो चुकी रहती है।''

*( अथवा )*

''मैं देख रहा था और अपनी पूरी चेतना से महसूस कर रहा था - शक्ति का विस्तार, विस्तार की शक्ति।''

प्रश्न-24 ''विराटा की पद्मिनी में ऐतिहासिक हलचल के भीतर एक प्रेमकथा अपनी पूरी मार्मिकता के साथ विद्यमान है।'' इस कथन का स्पष्टीकरण कीजिए। [5]

*( अथवा )*

'विराटा की पद्मिनी' का कौन-सा वीर पात्र आपको सबसे अधिक प्रभावित करता है और क्यों ? लिखिए। [$2\frac{1}{2}+2\frac{1}{2}=5$]

**नोट-** **प्रश्न क्रमांक 25 निबंध लेखन से संबंधित है। इस पर 10 अंक निर्धारित हैं। निबंध लगभग 250 शब्दों में लिखिए।( 10×1=10 )**

**प्रश्न-25** **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए -** [2+5+3=10]

(i) विज्ञान : वरदान या अभिशाप।

(ii) वन रहेंगे तो हम रहेंगे।

(iii) स्वच्छता की ओर बढ़ते कदम।

(iv) राष्ट्रीय एकता।

(v) छत्तीसगढ़ में बढ़ता नक्सलवाद।

***